RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 254 जयपुर, मंगलवार, 13 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 4

6 राज्यों में नियुक्त हुए नए राज्यपाल

मप्र के ढाल सिंह बिसेन बने उत्तराखंड के गवर्नर

केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक और सिक्किम के भी राज्यपाल बदले

नई दिल्ली/संचार जगत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 6 राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इन नियुक्तियों का प्रभाव संबंधित राज्यपालों के पदभार संभालने की तारीख से होगा। इसके तहत मध्यप्रदेश के डॉ. ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बिसेन, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) की जगह लेंगे। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु का राज्यपाल बनाया गया है। ओम प्रकाश माथुर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान से पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। उन्हें जुलाई 2024 में सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। अब उन्हें केरल भेजा गया है। राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर इससे पहले केरल के राज्यपाल के तौर पर कार्यरत थे। वह गोवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और बिहार व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रह चुके हैं। जनवरी 2025 से केरल के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल रहे आर्लेकर को अब तमिलनाडु का पूर्णकालिक राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

चार बार विधायक रहे हैं डॉ. बिसेन

डॉ. ढाल सिंह बिसेन मध्य प्रदेश के भाजपा नेता हैं। उनका जन्म 14 मई 1952 को सिवनी जिले के पिपरिया में हुआ था। उन्होंने 1990 से 2008 के बीच मध्य प्रदेश विधानसभा में चार कार्यकाल पूरे किए और 2003 से 2005 तक राज्य सरकार में मंत्री रहे। 2019 में वे बालाघाट लोकसभा सीट से सांसद चुने गए और 2024 तक इस पद पर रहे। डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने वर्ष 2011 से 2013 तक मध्य प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वे आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के चिकित्सक हैं। इसके साथ ही वे सामाजिक कार्यों से भी लगातार जुड़े रहे हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं में से रहे हैं। मध्य प्रदेश की राजनीति में उन्हें अलग स्थान प्राप्त है।

जंतर-मंतर अब प्रोटेस्ट साइट नहीं

नई दिल्ली, आरएनएन। जंतर-मंतर को लेकर दिल्ली पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। अब जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन नहीं हो सकेगा। यह फैसला गृह मंत्रालय ने लिया है। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों से ये फैसला लिया है।

गृह मंत्रालय ने लगाई रोक

धरना-प्रदर्शन के लिए दिल्ली पुलिस ने अब तीन नए स्थान चुने हैं। ये तीन स्थान हैं- रामलीला मैदान, बुराडी मैदान और सीबीडी ग्राउंड। गृह मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई थी ताकि नागरिक अधिकारों की मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों को एक उचित स्थान दिया जा सके, जहां वे प्रदर्शन कर सकें। इस कमेटी की सिफारिश पर जंतर-मंतर को अब प्रोटेस्ट साइट से डिनोटिफाई कर दिया गया है। यानी कि अब जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट नहीं किया जा सकेगा। इसके बदले में प्रोटेस्ट के जो नए साइट हैं यहीं धरना प्रदर्शन किया जा सकेगा।

दीपके बोले, पूरा देश बनेगा जंतर-मंतर

वहीं सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके ने सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब पूरा देश ही जंतर-मंतर बनेगा। दिपके ने कहा, उन्होंने जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की तय जगह के तौर पर हटा दिया है। हां, अब यह विरोध-प्रदर्शन की जगह नहीं रही, क्योंकि इसे युद्ध का मैदान बना दिया गया था। अब पूरा देश जंतर-मंतर बनेगा।

▶ एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को अवैध घोषित करने की मांग

विपक्ष का सुप्रीम कोर्ट तक लोकतंत्र बचाओ मार्च, SIR व ज्ञानेश के खिलाफ दी याचिका

याचिका में 11 नेताओं के नाम, राहुल गांधी मुख्य याचिकाकर्ता, यह याचिका मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर दाखिल की गई

नई दिल्ली/संचार जगत

राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राजद प्रमुख तेजस्वी यादव और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के साथ अन्य विपक्षी सांसद सोमवार शाम अचानक सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे।

पहले विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला था। 500 मीटर पहले रोक दिया गया था। एसआईआर में गड़बड़ी के खिलाफ विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। मार्च के पहले राहुल गांधी ने 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। रविवार को विपक्षी सांसदों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। लेकिन सीजेआई ने मिलने से इनकार कर दिया था और याचिका दाखिल करने के लिए कहा था।



राहुल बोले- ज्ञानेश कुमार मुझसे बात करना चाहते हैं

राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे बात करने की कई बार कोशिश की है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में राहुल बोले- हां उनके मैसेज आते हैं। ज्ञानेश कुमार यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं आप अपराधी नहीं है, आपसे बस करवाया गया है। सबसे आसान रास्ता है कि इस्तीफा दो और रास्ते से हट जाओ। राहुल ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने से पहले 30 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसी में एक पत्रकार ने उनसे सवाल किया कि लोग चुनाव आयोग की बात करते हैं, आप सीधा ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाते हैं। क्या कभी उन्होंने आप से बात करने की कोशिश की। राहुल ने कहा- दिल्ली को जेल बना दिया गया है। ये पुलिस वाले डिस्टर्ब हैं। ये कह रहे हैं कि हमसे युवाओं को क्यों पिटवाया जा रहा है। वे कह रहे हैं कि युवाओं को रोकने को कहा जा रहा है। आरएसएस के गुंडे महिलाओं को मार रहे हैं। हम करेंगे, वे रोकेंगे, हमें लगे रहना है। जितने दिन लगेंगे, एक महीने, दो महीने, साल...हम पीछे नहीं हटेंगे।

सीजेआई बोले, सुप्रीम कोर्ट को राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनने देंगे

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने दिल्ली में प्रदर्शनों को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। सीजेआई ने कहा कि लोकतांत्रिक और राजनीतिक विरोध प्रदर्शन जारी रह सकते हैं, लेकिन इनमें सुप्रीम कोर्ट को नहीं घसीटा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थान हैं, वहां कानून के मुताबिक प्रदर्शन किया जा सकता है। उन्होंने जोर दिया कि लोकतांत्रिक गतिविधियां कानून के दायरे में होनी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट के कामकाज में किसी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए। दरअसल विरोध प्रदर्शन के दौरान वकीलों को हिरासत में लिए जाने और इंटरनेट सस्पेंड किए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट बार एसोशिएशन ने याचिका दाखिल की थी। सीजेआई ने कहा कि लोकतांत्रिक गतिविधियां आसानी से होनी चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के कामकाज या वकीलों, कोर्ट स्टाफ और केस करने वालों की आवाजाही में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनने देंगे। कानून के मुताबिक निर्धारित जगहों पर प्रदर्शन हो। सुप्रीम कोर्ट को इन प्रदर्शनों में नहीं घसीटा जाना चाहिए।

▶ दिवाली पर पटाखे जलाने को लेकर हुई सुनवाई

CJI बोले- पटाखे बैन किए तो लोग दिन में ही जलाने लगेंगे

धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगे, संतुलित रास्ता निकालेंगे

नई दिल्ली/संचार जगत



दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन के मामले में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जैसे ही हम पटाखों पर बैन का आदेश जारी करेंगे, लोग दिन में ही पटाखे जलाना शुरू कर देंगे। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में दिवाली पर पटाखे जलाने को लेकर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई बोले- धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगे, संतुलित रास्ता निकालेंगे।

पटाखों के इस्तेमाल से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि इस मुद्दे पर व्यावहारिक और संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। लोगों से अपील करने और पटाखे चलाने के समय को कुछ निर्धारित घंटों तक सीमित रखने के लिए अभी पर्याप्त समय है। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील दी कि पटाखे चलाना धर्म के मौलिक अधिकार का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि पूजा करना धार्मिक आस्था का हिस्सा है, लेकिन पटाखे चलाना नहीं। इस दौरान उन्होंने टिप्पणी की कि भगवान भी यह देखकर हैरान होंगे। इस पर सीजेआई ने कहा कि यदि नागरिक और सिविल सोसायटी मौजूदा स्थिति के प्रति जागरूक रहें और अपनी जिम्मेदारी समझें तो यह अच्छा होगा। अदालत की सहायता कर रहीं एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि हर बार यही दलील दी जाती है। उन्होंने कहा, अगर भगवान को पता चले कि उनके नाम पर बच्चे तकलीफ झेल रहे हैं और बीमार पड़ रहे हैं तो वे हैरान रह जाएंगे। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि लोग खुद आत्मचिंतन करें। लोगों को जागरूक करने के लिए भी कदम उठाए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 33वें स्थापना दिवस पर बोले सीजेआई सूर्यकांत

पीड़ितों का भरोसेमंद ठिकाना बना एनएचआरसी

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) पीड़ितों के लिए एक विश्वसनीय ठिकाने के रूप में विकसित हुआ है और किसी मानवाधिकार संस्थान की वास्तविक कसौटी केवल यह नहीं है कि वह कितने मामलों का निपटारा करता है बल्कि यह भी है कि क्या उन लोगों की आवाज वहां सुनी जा सकती है, जो अपनी बात कहने में सबसे कम सक्षम हैं।

मामलों के निपटारे से ज्यादा जरूरी है कि सबसे कमजोर की आवाज भी सुनी जाए : सीजेआई

सीजेआई यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के 33वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 33 साल पहले संसद ने मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए इस आयोग की स्थापना की थी। तब से लेकर अब तक यह पीड़ितों के लिए एक विश्वसनीय ठिकाना बन गया है। सीजेआई ने कहा, यदि संविधान एक वादा है, तो आयोग उसके संरक्षकों में से एक है। यह उन जगहों तक पहुंचता है, जहां अदालत के लिए आसानी से पहुंचना संभव नहीं होता। यह उन लोगों की बात सुनता है, जो आसानी से अपनी आवाज नहीं उठा सकते और किसी के अनुरोध का इंतजार किए बिना खुद भी कार्रवाई कर सकता है। हिरासत में यातना या मौत, बंधुआ मजदूरी, औद्योगिक इकाइयों में काम करने के कारण सिलिकोसिस की बीमारी होने और वंचित समुदायों के अधिकारों की रक्षा से जुड़े मामलों में एनएचआरसी के हस्तक्षेप का उल्लेख करते हुए सीजेआई ने कहा कि ये उदाहरण दर्शाते हैं कि मानवाधिकारों की रक्षा केवल उल्लंघन की पहचान करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, इसके तहत जवाबदेही तय करने, प्रभावित लोगों को सार्थक राहत दिलाने और उल्लंघन की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बदलाव सुनिश्चित करने का प्रयास भी होना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि किसी मानवाधिकार संस्थान का प्रभाव उसके आदेशों को जबरन लागू कराने की ताकत से नहीं, बल्कि समय के साथ अर्जित उसकी विश्वसनीयता से आता है। उन्होंने कहा, इसकी नैतिक साख बैंक खाते में जमा राशि की तरह होती है। यह धीरे-धीरे, एक-एक पैसा जमा कर बनती है और बहुत तेजी से खर्च हो सकती है। सावधानीपूर्वक की गई हर जांच, समय पर किए गए हस्तक्षेप और हर ईमानदार रिपोर्ट से इस साख में इजाफा होता है।



हर पल अग्निपरीक्षा से गुजरते हैं प्रधान न्यायाधीश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामसुब्रमण्यम ने सोमवार को कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर आसीन व्यक्ति को हर दिन, बल्कि हर मिनट अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता है और ऐसा जरूरी नहीं कि हर बार परीक्षा लेने वाले सच्चे ही हों। यहां विज्ञान भवन में एनएचआरसी के 33वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) का पद देश का सबसे महत्वपूर्ण, सबसे शक्तिशाली, सबसे सक्रिय और साथ ही सबसे संवेदनशील पद बन गया है। उन्होंने ये टिप्पणियां उस समय कीं, जब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत मंच पर मौजूद थे। उनकी ये टिप्पणियां दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच उच्चतम न्यायालय में कई याचिकाएं दायर किये जाने के बीच आई हैं।

एनएचआरसी के 33वें स्थापना दिवस पर बोले अध्यक्ष

नौसेना की बढ़ी ताकत : दुश्मन की पनडुब्बियों का काल बनेगा 'आईएनएस मंगरोल'

तीसरा स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल, 80 प्रतिशत से अधिक सामग्री देशी



नई दिल्ली/संचार जगत

तटवर्ती और उथले समुद्री क्षेत्र में चलने वाले तीसरे पनडुब्बी रोधी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) मंगरोल को सोमवार को यहां भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इससे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है खासकर तटीय समुद्री क्षेत्रों में, जहां बड़े युद्धपोतों को संचालन संबंधी सीमाओं का सामना करना पड़ता है। कोच्चि स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित यह पोत समुद्री गश्ती विमानों, हेलीकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर काम कर सकता है।

तटीय सुरक्षा होगी और मजबूत, हिंद महासागर में बढ़ती पनडुब्बी गतिविधियों के बीच अहम कदम

यह दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उनके खतरे से निपटने में सक्षम है। इस पोत के नौसेना में शामिल होने से बंदरगाहों, समुद्री पत्तनों और तटीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा करने की नौसेना की क्षमता बढ़ेगी। इसके साथ ही, यह बेड़े के व्यापक अभियानों में भी मदद करेगा। नौसेना की पश्चिमी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और समुद्री क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच आईएनएस मंगरोल को नौसेना में शामिल किया जाना विशेष महत्व रखता है। समुद्र अब केवल व्यापार और संपर्क के माध्यम नहीं रह गए हैं, बल्कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी बदलाव और उभरती सुरक्षा चुनौतियों के केंद्र भी बन गए हैं। वात्सायन ने कहा कि भारत की विस्तृत तटरेखा, द्वीपों और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों को देखते हुए एक विश्वसनीय, त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम और युद्ध के लिए तैयार नौसेना बनाए रखना बेहद जरूरी है। आईएनएस मंगरोल के कमांडिंग ऑफिसर यू. शरण कुमार ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में कई देशों की ओर से पनडुब्बियों की तैनाती में काफी वृद्धि हुई है। कुमार ने कहा कि ऐसे में पानी के भीतर से उत्पन्न होने वाले खतरों, उनकी आशंका तथा उनका पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने की आवश्यकता पहले के मुकाबले कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इन घटनाओं के परिदृश्य में आईएनएस मंगरोल विशेष रूप से नौसेना की रक्षा क्षमता और समग्र रूप से भारत के समुद्री हितों को मजबूत करने में भूमिका निभाएगा।

युद्धपोत की विशेषताएं

- **तीसरा एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी :** तटवर्ती और उथले समुद्री क्षेत्र के लिए बना पनडुब्बी रोधी युद्धपोत
- **स्वदेशी निर्माण :** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया, 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री
- **घातक हथियारः** हल्के टॉरपीडो और स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर
- **आधुनिक सेंसरः** **अभय** हल-माउंटेड सोनार और मारीच टॉरपीडो डिकॉय प्रणाली
- **शानदार चालः** तीन डीजल इंजन और वॉटरजेट प्रणोदन, उथले पानी में तेजी से दिशा बदलने में सक्षम
- **बहुउपयोगी :** पानी के भीतर निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियान (एलआईएमओ) और बारूदी सुरंग संबंधी अभियान
- **तालमेल :** समुद्री गश्ती विमानों, हेलीकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर काम करेगा
- **सुरक्षा कवच :** बंदरगाहों, पत्तनों और तटीय समुद्री मार्गों की रक्षा करेगा

तृतीयं चंद्रघंटा



पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

चंद्रघंटा मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप हैं। उनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण उन्हें यह नाम मिला है। माता चंद्रघंटा का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह देवी दस भुजाओं वाली हैं और सिंह पर सवार रहती हैं, इनके हाथों में तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे शस्त्र होते हैं। उनकी तीसरी आंख हमेशा खुली रहती है, जो बुराई के विरुद्ध उनकी निरंतर तत्परता का प्रतीक है। मां चंद्रघंटा की पूजा से मन को शांति मिलती है और वह भक्तों के सभी कष्टों को दूर करती हैं। महिषासुर नामक दैत्य के बढ़ते आतंक को समाप्त करने के लिए देवी-देवताओं ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश के तेज से एक देवी को प्रकट किया, जिन्हें सभी देवी-देवताओं ने अपने अस्त्र दिए, जिसमें इंद्र ने अपना घंटा प्रदान किया था। इस देवी ने घंटे जैसी भयानक ध्वनि से महिषासुर का वध किया और देवताओं की रक्षा की।

एसआईआर में अनियमितताओं पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने और विभिन्न गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर सोमवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की।

दिल्ली में आंदोलन का पता बदला : जंतर-मंतर बाहर

अब रामलीला, बुराड़ी और सीबीडी मैदान में होंगे आंदोलन

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली पुलिस ने विरोध प्रदर्शनों के लिए जंतर-मंतर को निर्धारित स्थलों की सूची से हटा दिया है और उसकी जगह तीन नए स्थान इसके लिए निर्धारित किए हैं। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने इस संबंध में 11 अक्टूबर को स्थायी आदेश जारी किया। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया जब राष्ट्रीय राजधानी के लुटियंस इलाके में हाल के महीनों में कई प्रदर्शन देखे गए जिससे देश की सरकार के सत्ता के केंद्र में कई सड़कों व मेट्रो स्टेशनों को बंद करना पड़ा और बड़े पैमाने पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती देखी गई।

पुलिस आयुक्त ने जारी किया स्थायी आदेश

गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर फैसला

पुलिस के आदेश के मुताबिक, विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित करने के लिए तीन नए स्थान निर्धारित किए हैं। इनमें रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी मैदान शामिल हैं। आदेश के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मौजूदा निर्धारित स्थल के विकल्प के तौर पर विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित करने के लिए उपयुक्त स्थानों की समीक्षा करने के वास्ते एक समिति गठित की थी। आदेश में कहा गया है कि समिति की सिफारिशों के आधार पर जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल के रूप में गैर अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन आयोजित करने के लिए तीन नए स्थानों के तौर पर तय किया गया है। पुलिस के अनुसार, इन तीनों स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित करने के लिए विस्तृत एवं संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अलग से जारी की जाएगी।



वोट चोरी के खिलाफ सड़क पर उतरा विपक्ष

नई दिल्ली। वोट चोरी रोकने, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर रोक लगाने और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय की ओर मार्च कर रहे विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं को सोमवार को पुलिस ने भगवान दास रोड पर रोक दिया। पुलिस ने भगवान दास रोड पर दो जगह अवरोधक लगा रखे थे। पहले अवरोधक को कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं ने हटा दिया। इसके बाद उच्चतम न्यायालय के निकट लगाए गए दूसरे अवरोधक पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोक दिया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता एक एक ट्रक पर सवार होकर बाराखंबा रोड से उच्चतम न्यायालय के लिए रवाना हुए थे। कई नेता और कार्यकर्ता पैदल ही उच्चतम न्यायालय की तरफ रवाना हुए। कई नेता बसों में सवार थे। इससे पहले विपक्षी दलों के नेता कॉन्स्टिट्यूशन क्लब से बसों में सवार होकर बाराखंबा रोड पहुंचे थे और वहां एकत्र होने के बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय की ओर मार्च शुरू किया। इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट मार्च को पुलिस ने भगवान दास रोड पर रोका

अराजकता का पर्याय बनी कांग्रेस

जनता खत्म कर देगी बचा-खुचा राजनीतिक अस्तित्व : योगी

नई दिल्ली/संचार जगत

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए उसे अराजकता का पर्याय बताया और कहा कि अगर वह अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए देश में अराजकता फैलाने से बाज नहीं आई तो जनता उसका बचा-खुचा राजनीतिक अस्तित्व भी खत्म कर देगी। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अपनी गलतियों से सबक लेने के बजाय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा कर रही है। जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि देश उसे बार-बार क्यों ठुकरा रहा है। उन्होंने कहा, भारत की जनता लोकतांत्रिक दृष्टि से जागरूक है। वह अराजक और अलोकतांत्रिक आचरण को अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं करेगी। आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस ने गैर-जिम्मेदार राजनीतिक आचरण से देश में अराजकता का वातावरण बना दिया है।

दिल्ली में अव्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने का आरोप



आपदा पीड़ित किसानों को 493 करोड़ की सौगात

गोरखपुर। सीएम योगी ने गोरखपुर में बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और चक्रवात से प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान के रूप में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 493 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान पहुंचा है और कई स्थानों पर जनहानि तथा पशुहानि भी हुई है। डबल इंजन की सरकार ने मात्र आठ से 10 दिन के भीतर किसानों को फसल, मकान और पशुधन की क्षति का मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

सीधे खातों में पहुंची मदद, 9.18 लाख किसानों को लाभ

लंबित मामलों पर मुलाकात मर्यादा के खिलाफ

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि विपक्षी नेताओं की ओर से उठाए गए मुद्दे अदालत में विचाराधीन हैं, ऐसे में उनके साथ मुलाकात करना पूर्व स्थापित नैतिक मानदंडों और न्यायिक मर्यादा के खिलाफ होगा। सीजेआई ने विपक्षी नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में सोमवार को मुलाकात करने से इनकार कर दिया और कहा कि लंबित मामलों पर चर्चा करना उचित नहीं होगा।

प्रधान न्यायाधीश बोले, याचिका दाखिल करें, जल्द होगी सुनवाई

उन्होंने दोनों नेताओं से आग्रह किया कि वे अपनी याचिका अदालत में जाकर या ऑनलाइन दाखिल करें। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मुद्दे पहले से ही उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसलिए, लंबित मामलों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का पूरी तरह उल्लंघन होगा। ऐसी मुलाकात पहले से तय नैतिक नियमों और न्यायिक मर्यादा के भी खिलाफ होगी। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में मैं आपको यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि हमारे संवैधानिक ढांचे के तहत, उच्चतम न्यायालय को आपके पत्र में उठाए गए मुद्दों पर प्रशासनिक रूप से कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। गांधी और खरगे के पत्र के जवाब में सीजेआई ने कहा, हालांकि, संविधान के अनुच्छेद 32 और न्यायिक समीक्षा समेत विभिन्न अधिकारों के तहत, हम न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से भारत के नागरिकों को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों पर विचार करने के लिए बाध्य हैं।

ट्रेन में ब्लैंकेट की जगह मिलेगा कमफर्टर

हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से की गई शुरुआत

नई दिल्ली/संचार जगत



भारतीय रेलवे लगातार यात्रियों सफर के आसान और आरामदायक बनाने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में दुर्गा पूजा के खास मौके को यादगार बनाया जा रहा है। खासकर राजधानी ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को इसका अनुभव होने वाला है।

दरअसल, पूर्वी रेलवे ने दुर्गा पूजा के इस अवसर पर यात्रियों के लिए एक शानदार सौगात पेश की है, जो आपकी यात्रा के अनुभव को पूरी तरह से बदल कर रख देगी। हावड़ा से नई दिल्ली के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों को शाही अनुभव मिलने वाला है। रेलवे की ओर से 11 अक्टूबर 2026 से इस ट्रेन में अब पारंपरिक और पुराने कंबल के स्थान पर एक्सक्लूसिव प्रीमियम फ्लोरल कमफर्टर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यात्रियों के हेल्थ और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पूर्वी रेलवे ने स्वच्छता के मानकों का विशेष ध्यान रखा है। प्रत्येक राउंड-ट्रिप के बाद इन प्रीमियम फ्लोरल कमफर्टर्स की धुलाई और सैनिटाइजेशन किया जाता है।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर नया यात्री जब ट्रेन में सवार हो, तो उसे साफ-सुथरा बेडशीट, तकिया कवर और ब्लैंकेट मिले। रेलवे की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि त्योहारी भीड़भाड़ के बीच भी यात्रियों की व्यक्तिगत स्वच्छता और सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाता है।

नारी शक्ति मंथन कार्यशाला में शामिल हुईं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

महिलाओं के उत्थान, स्वावलंबन से जुड़े विषयों पर किया गया विचार-विमर्श



नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित नारी शक्ति मंथन कार्यशाला में शामिल हुईं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यशाला में महिलाओं के उत्थान, स्वावलंबन और सशक्तीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला नेतृत्व वाला विकास (वुमन-लेड डेवलपमेंट) के संकल्प ने देश की करोड़ों बेटियों और महिलाओं के सामर्थ्य, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को नई शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर बेटी को शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें, हर महिला स्वावलंबी बने और हर मां अपनी बेटी के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य को लेकर आश्वस्त रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति का सामर्थ्य, स्वाभिमान और स्वावलंबन ही सशक्त दिल्ली एवं विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने के प्रयासों पर जोर दिया। कार्यशाला में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, दिल्ली भाजपा के प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे और भाजपा शासित राज्यों के महिला एवं बाल विकास मंत्री भी उपस्थित रहे।

1046 अवैध संपत्तियों पर एक माह में हुई कार्रवाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेश पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा राजधानी में अवैध निर्माण और खतरनाक भवनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते एक माह में ऐसी 1046 संपत्तियों के खिलाफ नगर निगम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संभावित हादसों को रोकने के लिए ऐसे भवनों को ध्वस्त या सील किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान को लगातार जारी रखने के निर्देश नगर निगम को दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि 6 सितंबर से उन्होंने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। बीते 10 अक्तूबर तक दिल्ली नगर निगम ने सभी 12 जोन में 1,046 संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। वहीं इस अवधि में 282 संपत्तियों को सील किया गया और 47 खतरनाक इमारतों को ध्वस्त किया गया।

उन्होंने बताया कि नरेला जोन में 62, रोहिणी में 158, सिविल लाइंस में 63, केशवपुरम में 61, सिटी एसपी जोन में 87, करोल बाग में 85, शाहदरा साउथ में 87, शाहदरा नॉर्थ में 115, वेस्ट जोन में 87, नजफगढ़ में 45, सेंट्रल जोन में 75 और साउथ जोन में 121 संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। इसी दौरान नरेला में एक, रोहिणी में दो, सिविल लाइंस में आठ, केशवपुरम में 20, सिटी एसपी जोन में 87, करोल बाग में 11, शाहदरा साउथ में 27, शाहदरा नॉर्थ में 41, वेस्ट जोन में 23, नजफगढ़ में तीन, सेंट्रल जोन में 18 और साउथ जोन में 41 संपत्तियों को सील किया गया। इस तरह सभी 12 जोन में कुल 282 संपत्तियों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस अवधि में नरेला में दो, रोहिणी में दो, सिविल लाइंस में आठ, केशवपुरम में दो, सिटी एसपी जोन में आठ, करोल बाग में 13, शाहदरा साउथ में एक, वेस्ट जोन में आठ, नजफगढ़ में एक और साउथ जोन में दो खतरनाक इमारतों को ध्वस्त किया गया।

बाइक सवार को ट्रैफिक पुलिस ने टैक्सी से पहुंचाया अस्पताल

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में दिल्ली-देहरादून हाईवे से न्यू उस्मानपुर प्रथम पुश्ता की ओर उतरते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की गर्दन कट गई। गंभीर रूप से घायल युवक को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने टैक्सी करके अस्पताल पहुंचाया। इससे समय पर उपचार मिलने से युवक की जान बच गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, लोनी स्थित गीतांजलि विहार निवासी राकेश कुमार का कपड़े का व्यवसाय है। इस इसी सिलसिले में वह बाइक पर शनिवार को लोनी से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के रास्ते सदर बाजार जा रहे थे। वह जैसे ही जीटी पर जाने के लिए एक्सप्रेसवे के न्यू उस्मानपुर पहला पुश्ता स्थित रैंप से नीचे उतरे लगे, चाइनीज मांझे से उनकी गर्दन जख्मी हो गई। खून से लथपथ वह वहीं गिर गए। इसी दौरान भजनपुरा सर्किल में तैनात ट्रैफिक पुलिस के एएसआई महेंद्र, हेड कांस्टेबल अरुण और कांस्टेबल पुष्पेंद्र व नितिन ने उनको घायल अवस्था में देखा। उन्होंने एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय टैक्सी करके घायल को जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल पहुंचाया। राकेश को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर वहां से उनको जीटीबी रेफर कर दिया।

केजरीवाल समेत आप नेताओं के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल समेत आप के नेताओं और विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

गुरुद्वारा बंगला साहिब मामला

इन सभी के खिलाफ गुरुद्वारा बंगला साहिब में कथित तौर पर गड़बड़ी फैलाने और भ्रामक वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित करने का आरोप लगाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शिकायत के साथ जमा किए गए वीडियो फुटेज की जांच कर रही है। एफआईआर में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम भी शामिल है। एक दिन पहले डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने कहा था कि गुरुद्वारा बंगला साहिब के पास आप कार्यकर्ताओं के कथित विरोध प्रदर्शन की कोशिश को लेकर सिख समुदाय में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कमेटी ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कार्रवाई की है। कालका ने कि कुछ आप कार्यकर्ता प्रदर्शनकारी बनकर गुरुद्वारे में घुस आए और नारेबाज़ी की।

खजाना खोला यह रकम रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनावों में पार्टी को मज़बूत करने को दी गई

ट्रम्प की पार्टी को मस्क ने दिए 26 अरब 38 करोड़ रु.

नई दिल्ली/संचार जगत

चुनावी चंदे को लेकर भारत को नसीहत देने वाले एलन मस्क को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। ये खुलासा बताता है कि एलन मस्क के बयानों में और हकीकत में कितना अंतर है। सोमवार को आई एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी को 276 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भारी भरकम चंदा दिया है। भारतीय रुपयों में ये रकम (26 अरब 38 करोड़ है) इसके साथ ही वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी को सबसे चंदा देने वाले शख्स बन गए हैं।

यह रकम 3 नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में पार्टी को मज़बूत करने के लिए दी गई है। ट्रम्प ने कुछ दिन पहले ही भारत के एक दिग्गज व्यावसायिक घराने पर एक राजनीतिक दल को भारी भरकम चंदा देने का आरोप लगाया था। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने जुलाई से ये डोनेशन दिए हैं. इनसे उन बैटलग्राउंड राज्यों में रिपब्लिकन कैंपेन को मदद मिली है। जहां उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी से कड़ी टक्कर मिल रही है।



मस्क के बयानों में व हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर

एनवायटी के अनुसार मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के सीनेट लीडरशिप फंड में 158 मिलियन अमेरिकी डॉलर का डोनेशन दिया। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा पॉलिटिकल डोनेशन था और गर्मियों में डेमोक्रेट्स को अपने सभी डोनर्स से मिली कुल रकम से भी ज़्यादा था। इसके अलावा मस्क ने ''अमेरिका पीएसी'' को 7.6 करोड़ डॉलर दान किए, जो तीन दर्जन से ज़्यादा सीटों पर रिपब्लिकन सीनेट उम्मीदवारों के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहा है।

पहले भी कर चुके बड़ा दान

मस्क ने कांग्रेसनल लीडरशिप फंड (हाउस रिपब्लिकन के लिए मुख्य सुपर पीएसी) को 2 करोड़ डॉलर, टेक्सास में सीनेट के लिए रिपब्लिकन प्रत्याशी केन पैक्सटन का समर्थन करने वाले समूह लोन स्टार लिबर्टी पीएसी को 1 करोड़ डॉलर, रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन को 1 करोड़ डॉलर और रिपब्लिकन अटॉर्नी जनरल एसोसिएशन को 20 लाख डॉलर दान किए। अमेरिका पीएसी जिसे मस्क ने 2024 में ट्रम्प का समर्थन करने के लिए बनाया था के प्रवक्ता एंड्रयू रोमियो ने बताया कि इन बड़े निवेशों की वजह से जीओपी (रिपब्लिकन पार्टी) अपना संदेश लोगों तक पहुंचा पाई है, जिससे रिपब्लिकन को इतिहास को बदलने का एक अच्छा मौका मिल सके। मस्क विशाल बिजनेस साम्राज्य चलाते हैं, उन्हें सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स से फायदा हुआ है और व्हाइट हाउस में उनका काफी प्रभाव है। पिछले साल जनवरी में ट्रम्प ने सरकारी खर्च कम करने के लिए मस्क को डीओजीई का इंचार्ज नियुक्त भी किया था।


सुनील मित्तल को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नई दिल्ली/संचार जगत

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान लेज्यॉं द ऑनर के नाइट की उपाधि प्रदान करने की घोषणा की है।



मित्तल को भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उनके दीर्घकालिक प्रयासों तथा दूरसंचार और डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए इस सम्मान के लिए चुना गया है। 28 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित फ्रांस के दूतावास में आयोजित एक विशेष समारोह में यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। फ्रांस के इतिहास के जाने-माने योद्धा नेपोलियन बोनापार्ट ने साल 1802 में लेज्यॉं द ऑनर की स्थापना की थी। भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मातू ने कहा कि सुनील भारती मित्तल वर्ष 1992 में एयरटेल के शुरुआती दिनों से ही तीन दशक से अधिक समय से फ्रांस के मित्र रहे हैं। उन्होंने दशकों से लगातार इन संबंधों को मजबूत किया है और यह दिखाया है कि फ्रांसीसी और भारतीय कारोबारी प्रयास मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। आज वह यूटेलसैट के उपाध्यक्ष के रूप में इन संबंधों को आगे बढ़ा रहे हैं।



'द ओडिसी' ने भारत में रचा इतिहास, आईएमएएक्स से 100 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी

मुंबई। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ने भारत में इतिहास रच दिया है। सिर्फ आईएमएएक्स स्क्रीन्स के जरिए 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय फिल्म ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत और दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने 16 सितंबर को अपने 9वें हफ्ते में यह आंकड़ा पार किया, जिसका आधिकारिक ऐलान अब किया गया है। निर्माताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फिल्म की कुल भारतीय कमाई में आईएमएएक्स का योगदान लगभग 43 प्रतिशत रहा, जबकि देशभर में कुल स्क्रीनों में से सिर्फ 1 प्रतिशत से कुछ ज्यादा स्क्रीन आईएमएएक्स द्वारा प्रदर्शित की गई थीं। इस उपलब्धि के साथ, 'द ओडिसी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे कमाऊ आईएमएएक्स फिल्म बन चुकी है।

लाइफ Style

यामी गौतम

यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' दशहरा के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। फिल्म का ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसमें अभिनेत्री का अब तक का सबसे अलग किरदार दिखा।

'नई नवेली' के गाने में जमकर झूमीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इसका नया गाना 'फटा पटाखा' यूट्यूब पर जारी किया गया है जो ऊर्जा से भरपूर एक धमाकेदार डांस पार्टी पर केंद्रित है। इसमें जॉम्बी के साथ यामी का डांस देखने लायक है। यह गाना सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देगा। जॉम्बी पार्टी करती दिखीं यामी, दिखी अनोखी दुनिया जी म्यूजिक कंपनी द्वारा अमेजन, एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के सहयोग से प्रस्तुत, 'फटा पटाखा' को मधुबंती बागची ने आवाज दी है।

संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में जॉम्बी की एक अनोखी दुनिया दिखती है, जिसमें यामी डांस कर रही हैं। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित 'नई नवेली' एक मनोरंजक-पारिवारिक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रहस्य और रोमांच का तड़का लगाया गया है। यह 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला




दुर्लभ जीवों को बचाने देंगे 1,700 करोड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ जीवों को बचाने के लिए एक बड़ी वैश्विक पहल की है। डिकैप्रियो के संगठन 'री:वाइल्ड' और 'बेजोस अर्थ फंड' ने मिलकर 'फोनिक्स स्पीशीज प्रोजेक्ट' की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की 100 अति-संकटग्रस्त प्रजातियों, जिनमें पैंगोलिन, सालामैंडर और दुर्लभ जंगली सूअर शामिल हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल के लिए कुल 1,700 करोड़ रुपये का फंड तैयार किया गया है। इसमें से 850 करोड़ रुपये 'बेजोस अर्थ फंड' ने दिए हैं, जबकि बाकी 850 करोड़ रुपये डिकैप्रियो के 'री:वाइल्ड', 'एज ऑफ यूनियन' और 'टॉड ब्रेव्स फैमिली फाउंडेशन' से मिले हैं।




कीगन एलन के साथ हुई बंदूक की नोक पर लूटपाट

लॉस एंजिल्स। 'प्रीटी लिटिल लायर्स' और 'वॉकर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हॉलीवुड अभिनेता कीगन एलन के साथ एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। बंदूक की नोक पर उनके साथ लूटपाट की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। ये हादसा वेस्ट हॉलीवुड में हुआ, जहां 2 नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया और दावा किया कि वेस्ट हॉलीवुड अब सुरक्षित नहीं है। ये घटना बुधवार को हुई, जब एलन एक किराने की दुकान के बाहर थे। हमलावरों ने पहले उनके सिर पर वार किया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी घड़ी चुरा ली। उन्होंने हमले क्लिप भी साझा किया। इसमें काले कपड़े पहने 2 लोग अभिनेता के पास आते और उन पर बंदूक तानते हुए दिख रहे हैं। एलन अपनी घड़ी उन्हें सौंपते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक लुटेरा उनके सिर पर वार करता है। इस घटना से जुड़ा जो वीडियो एलन ने साझा किया, उसमें उनका सिर खून से लथपथ था। उन्होंने बताया, 2 नौजवानों ने बंदूक और चाकू की नोक पर मुझसे लूटपाट की। उन्होंने मेरी घड़ी के लिए मुझे जान से मारने की धमकी दी और मार भी डालते।



पैपराजी पर फूटा गुस्सा... अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सालों से बॉलीवुड से दूरी बनाने वालीं बिपाशा बसु अब फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों मुंबई में अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, उनसे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि बिपाशा वीडियो में पैपराजी पर भड़क गईं थीं, जिस पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सफाई दी है। वीडियो में बिपाशा एक फिल्म स्टूडियो के बाहर दिखाई दीं, जहां पैपराजी भी मौजूद थे। इस दौरान वह जल्दी में लगीं और कथित तौर पर पैपराजी पर भड़क गईं। अभिनेत्री ने कहा, चलिए यहां से, किसने बुलाया आपको? इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने साझा करते हुए बिपाशा पर उंगली उठाई कि वह पैपराजी को नजरअंदाज कर रही हैं और उन पर गुस्सा करती नजर आई हैं।



नानी ने किया निथिन की 'एलियास रुक्मिणी' का ऐलान

मुंबई। नानी अब एक नई तेलुगू फिल्म 'एलियास रुक्मिणी' के प्रस्तुतकर्ता बन गए हैं। यह फिल्म निथिन अभिनीत है और 4 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह घोषणा अभी हुई है, साथ ही 13 अक्टूबर को फिल्म के मुख्य किरदार के बारे में और जानकारी देने का वादा किया गया है। नानी ने इस फिल्म को 'साल की सबसे खूबसूरत तेलुगू फिल्म' बताया है। मुरली कांत देवसोथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और इसके निर्माता दीप्ती गांटा हैं। फिल्म की कहानी में एक दिलचस्प मोड़ है, जहां निथिन का किरदार खुलासा करता है कि रुक्मिणी, जिसका नाम एक लेखक के तौर पर सामने आता है, असल में उसकी पत्नी है। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल सितंबर में पूरी हो गई थी, जिसमें साई कुमार और हर्षा वर्धन जैसे कलाकार भी शामिल हुए थे।

टीवी मसाला



माधुरी दीक्षित के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर, अब इस अभिनेत्री ने ली जगह

मुंबई। नाना पाटेकर सोनी मराठी के आगामी क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के पहले एपिसोड में आने वाले थे। शो की मेजबानी माधुरी दीक्षित कर रही हैं, जो दिग्गज अभिनेता के साथ फिल्म 'वजूद' (1998) में काम कर चुकी हैं। यह शो नाना और माधुरी के लंबे समय बाद पुनर्मिलन का प्रतीक बनने वाला था, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। अभिनेता का 8 अक्टूबर को 75 साल की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, निधन से पहले नाना 'कोण होणार करोडपती' की शूटिंग करने वाले थे। अब उनकी जगह अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को बतौर मेहमान प्रीमियर एपिसोड में देखा जाएगा। शो 12 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसके साथ ही माधुरी व सोनाली पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। दोनों का भारतीय सिनेमा में करियर काफी लंबा रहा है, लेकिन इसके बावजूद माधुरी और सोनाली ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर नाना की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने लिखा था, 'एक महान कलाकार, एक सशक्त व्यक्तित्व और एक अविस्मरणीय आवाज... नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। यह मेरी ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि है।'

'बिग बॉस 20' में आम्रपाली दुबे ने स्काउटओपी की लव गिल से करीबी पर उठाए सवाल

'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त थोड़ा अजीब माहौल बन गया, जब आम्रपाली दुबे ने प्रतियोगी स्काउटओपी (तन्मय सिंह) और लव गिल के बीच बढ़ती नजदीकियों पर ध्यान दिलाया। दरअसल, स्काउट ने लव को उनकी शर्ट के अंदर से मसाज दिया था। इसके बाद आम्रपाली ने लव से बातचीत की और समझाया कि बाहर से देखने वालों को उनके ये काम कैसे लग सकते हैं। आम्रपाली ने लव को बहुत नरमी से समझाया कि उन्हें थोड़ा सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पल उनके उन पार्टनर्स पर असर डाल सकते हैं, जो बाहर इंतजार कर रहे हैं। भले ही स्काउट ने लव के साथ अपने रिश्ते को भाई-बहन जैसा बताया हो, पर उन्होंने ये भी माना है कि उन्हें पजेसिवनेस महसूस होती है। फैंस ने इस बात पर खास ध्यान दिया है, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड काश्वी हीरानंदानी शो के बाहर हैं।



'बिग बॉस' मलयालम 8 में विपिन दास की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। एक बड़े एविक्शन के बाद, विपिन दास नैर ने 'बिग बॉस मलयालम 8' में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की है, जिससे शो में हलचल मच गई है। वे अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और साथ ही कंटेंट क्रिएटर व आर्टिस्ट के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 2023 में 'द नेक्स्ट टॉप एंकर' शो में हिस्सा लिया था, जिसमें नायला उषा, साबूमोन, कार्तिक सूर्या और मीनाक्षी जैसे मशहूर लोग जज थे।



विपिन ने शो में भरी ऊर्जा

रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने और 'भरतनाट्यम' में एक छोटे से विवाद के बाद, विपिन 'बिग बॉस मलयालम' में अपनी अनोखी एनर्जी और कन्फेशन रूम के मजेदार पलों के साथ छा गए हैं। खास बात यह है कि मलयालम पढ़ने में उन्हें मुश्किल हो रही है, जिससे उनके 'बिग बॉस' के सफर को एक अनूठा मोड़ मिल गया है। इससे फैंस भी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वह आगे इस खेल में क्या बदलाव ला सकते हैं।

स्वरा-प्रियंका का खेल बिगाड़ने आ रहे ऋषभ, जशवंत और सोनम मलिक

मुंबई। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में अब 3 नए वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों की एंट्री होने वाली है। इनमें अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर ऋषभ जायसवाल, रियलिटी शो स्टार जशवंत बोपन्ना और अभिनेत्री सोनम मलिक के नाम शामिल हैं। शो को पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग होस्ट कर रहे हैं। स्वरा भास्कर और प्रियंका चाहर चौधरी जैसे प्रतियोगियों के बीच इन नए सदस्यों की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



शानदार प्रोमो से हुई वाइल्ड काइर्स की घोषणा

नए प्रतियोगी ऋषभ मशहूर टीवी एक्टर और कंटेंट क्रिएटर, जशवंत जानी-मानी रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी और सोनम एक अभिनेत्री हैं। इसकी घोषणा अमेजॉन एमएक्स प्लेयर के अधिकारी सोशल मीडिया पेज पर की गई है। शानदार प्रोमो साझा करते हुए लिखा गया, 'एक नहीं, 2 नहीं, अब सीधा 3 नए प्लेयर। टावर का बैलेंस हिलने वाला है।' अब देखना ये होगा कि इन तीनों में कौन रूलर बनकर पेंटहाउस जाता है और कौन बेसमेंट का वर्कर बनता है।

शो में आने से पहले ही मिल गए थे संकेत


इस आधिकारिक घोषणा से पहले ही तीनों प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर शो में आने के संकेत देने शुरू कर दिए थे। ऋषभ, सोनम और जशवंत ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चेहरे छिपाकर और हाथों में काले रंग के वाइल्ड कार्ड लेकर तस्वीरें साझा की थीं। ऋषभ इससे पहले स्प्लिट्सविला 14' और 'रोडीज सीजन 19' में नजर आ चुके हैं, वहीं जशवंत भी रोडीज का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब अपने नाम किया था।

ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है

'रामायण' के गाने का लॉन्च इवेंट रद्द, टालना पड़ा नवरात्रि का बड़ा कार्यक्रम

नई दिल्ली/संचार जगत

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण पार्ट 1' जल्द ही दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। इसी बीच रविवार, 11 अक्टूबर को महाराष्ट्र के रामटेक में इस फिल्म के एक गाने का लॉन्च इवेंट आयोजित होने वाला था। हालांकि, नवरात्रि के पहले दिन होने वाले इस इवेंट को टाल दिया गया है। ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।



रामायण की टीम भी किसानों की मदद से लिए तैयार

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामटेक की भूमि के महत्व को उजागर करना था, जिसे भगवान श्री रामचंद्र के चरणों के स्पर्श से पवित्र किया गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात में किसानों की मदद करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जयसवाल ने आगे कहा कि फिल्म की टीम ने किसानों की मदद करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने उन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस इवेंट का प्रचार किया था।

इंस्टाग्राम पर की गई थी इसकी घोषणा

स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें रामायण की टीम के साथ होने वाले भव्य इंटरैक्शन प्रोग्राम को टालने की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब ये वीडियो उपलब्ध नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में जायसवाल ने लिखा, 'हम आप सभी को बताना चाहते हैं कि 11 अक्टूबर को रामटेक में होने वाला 'रामायण' की पूरी टीम के साथ एक बड़ा कार्यक्रम कुछ जरूरी वजहों से टाल दिया गया है।'

'रामायण' की टीम की तरफ से नहीं आई कोई जानकारी

इस इवेंट के टलने के बाद, अभी यह साफ नहीं है कि निर्माता इसे ऑनलाइन रिलीज करेंगे या किसी और लॉन्च इवेंट की योजना बनाएंगे। टीम ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।



17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'

आठ वर्ष की आयु से खेलना किया था शुरू

12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं माया राजेश्वरन रेवती का टेनिस का सफर आठ साल की उम्र में शुरू हुआ था। उनके पिता ने उन्हें पहली बार इस खेल से परिचित कराया। उनका मकसद उनमें अनुशासन और फिटनेस की आदत डालना था। हालांकि जल्द ही माया की इस खेल में गहरी दिलचस्पी हो गई और 10 साल की उम्र तक उन्होंने टेनिस को गंभीरता से अपनाने का फैसला कर लिया। उन्होंने भारत में 'प्रो सर्व टेनिस अकादमी' में ट्रेनिंग ली और 2025 मुंबई ओपन में सबका ध्यान खींचने से पहले कई आईटीएफ जूनियर खिताब जीते। 15 साल की उम्र में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर खेलते हुए उन्होंने डब्ल्यूटीए 125 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर जाने-माने खिलाड़ियों को चौंका दिया।



वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का इंतजार करती रही हूं।



मुंबई इंडियन्स में शामिल हुईं अमेरिकी तेज गेंदबाज नॉरिस

नई दिल्ली। अमेरिका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल 'ट्रेड' सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नॉरिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'नॉरिस 10 लाख रुपए की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी।' नॉरिस ने डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाली एसोसिएट देश की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था और डब्ल्यूपीएल में पांच विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनी थीं। नॉरिस ने अमेरिका की ओर से अब तक पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 17 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्होंने 2021 में अमेरिकी टीम के लिए पदार्पण किया था।

रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन

नई दिल्ली/संचार जगत

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।



रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक



रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में अभिनंदन सिंह ने 30 गेंद पर 43 रन बनाते हुए स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। यूपी ने कुल 153.1 ओवर बल्लेबाजी की। बिहार के गेंदबाजों को टीम ने पूरी तरह थका दिया। बिहार के लिए इस पारी में अमोद यादव ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। उन्होंने 29.1 ओवर डालते हुए 6 मेडन के साथ 91 रन दिए और चार सफलताएं हासिल कीं।

रणजी ट्रॉफी में हरियाणा दूसरे दिन मजबूत स्थिति में

अंकित और यशवर्धन दलाल ने जमाए शतक



नई दिल्ली/संचार जगत

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हरियाणा की टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्टंप्स तक हरियाणा ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 178 रन बना लिए हैं और वह मेहमान टीम के स्कोर से अब केवल 75 रन दूर है। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश की पहली पारी 113.4 ओवरों में 253 रन पर सिमट गई। हिमाचल की ओर से मध्यक्रम के बल्लेबाज आकाश वशिष्ट ने संकट मोचन की भूमिका निभाते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 227 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 113 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान पुखराज मान ने 30 और ऋतिक कालिया ने 28 रनों का योगदान दिया। हरियाणा के लिए घातक गेंदबाजी करते हुए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने 27 ओवरों में 55 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। पार्थ वत्स ने 2, जबकि अमन कुमार और सामंत जाखड़ को 1-1 सफलता मिली। जवाब में, हरियाणा की शुरुआत सधी हुई रही। सलामी बल्लेबाज अंकित कुमार ने 7 चौकों की मदद से 59 रनों की शानदार पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यशवर्धन दलाल 69 रन और ऑलराउंडर पार्थ वत्स 33 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दोनों बल्लेबाज तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे। हिमाचल की ओर से गेंदबाजी में आर्यमन सिंह ने शुरुआती झटके देते हुए 3 विकेट अपने नाम किए, जबकि अर्पित गुलेरिया को 1 सफलता मिली। मैच के तीसरे दिन हरियाणा की नजरें पहली पारी में बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी।

खबर संक्षेप



कार्ट रिपब्लिक से जुड़ी 11 वर्षीय रेसर अतिका

सिंगापुर। भारतीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर को एफवन ड्राइवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कार्ट रिपब्लिक (केआर) टीम ने अनुबंधित किया है। यह इटली के दिग्गज डिनो चिएसा की टीम है, जिन्होंने लुई हैमिल्टन सहित कई फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन के करियर को आगे बढ़ाने में मदद की है। भारत की 11 वर्षीय रेसर अतिका ने यूरोप में कई कार्टिंग सीरीज में अपने प्रदर्शन से चिएसा को प्रभावित किया और उन्होंने अब सत्र के बीच केआर से जुड़ने का फैसला किया है।

पाक ने श्रीलंका को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका को 82 रन से करारी शिकस्त दी और इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। माज सदाकत (96) और कप्तान साहिबजादा फरहान (73) दोनों को शुरू में जीवनदान मिले, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने बड़ी पारियां खेली। इससे पाकिस्तान तीन विकेट पर 215 रन बनाने में सफल रहा, जो 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए 6 विकेट पर 232 रन के बाद उसका टी20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 7 विकेट पर 133 रन ही बना पाई।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी: हरियाणा अंडर-19 टीम ने ओडिशा को सात विकेट से दी मात

नई दिल्ली/संचार जगत

पुदुचेरी के सीएपी ग्राउंड-4 पर खेले गए वीनू मांकड़ ट्रॉफी एलीट ग्रुप के एक रोमांचक मुकाबले में हरियाणा अंडर-19 क्रिकेट टीम ने ओडिशा अंडर-19 को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी धमाकेदार जीत दर्ज की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओडिशा की टीम ने सधी हुई शुरुआत की और 47.4 ओवर में 263 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. ओडिशा की ओर से सुभासिस मल्लिक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों पर 12 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके अलावा शुभम पलाई ने 58 रनों का अहम योगदान दिया। हरियाणा की तरफ से गेंदबाजी आक्रमण में सिद्धार्थ दलाल, कर्तव्य जगदेव और प्रक्षित राठी ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके, जिससे ओडिशा की पारी बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। 264 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम की शुरुआत भी मजबूत रही। टीम ने 46.3 ओवरों में मात्र 3 विकेट खोकर आसानी से 264 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान और स्टार बल्लेबाज निधिष गौड़ ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 113 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनका बखूबी साथ निभाते हुए संदीप परिहार ने ताबड़तोड़ 63 रन जोड़े, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा अर्जुन वीर सिंह ने 24 और गौरिश दहिया ने नाबाद 22 रनों का योगदान दिया। ओडिशा के गेंदबाजों में राज यादव और जोगेश्वर बाग को 1-1 सफलता मिली।

कप्तान निधिष का शतक



निधिष गौड़




प्रक्षित राठी

शंघाई मास्टर्स : राफेल जोडर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

राफेल ने लेहेका के खिलाफ दर्ज की जीत, पहुंचे चौथे राउंड में

नई दिल्ली/संचार जगत

शंघाई मास्टर्स 1000 के तीसरे राउंड में राफेल जोडर ने जिरी लेहेका के खिलाफ 4-6, 7-6(2), 6-4 से जीत दर्ज करते हुए चौथे राउंड में जगह बनाई। जोडर ने इस सीजन की अपनी 40वीं जीत हासिल करते हुए अपने पहले एटीपी टूर पर लगातार प्रभावित किया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में किसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पांचवीं बार पहुंचा है। जोडर ने लगातार 5 इवेंट्स में ऐसा किया, जिससे वे 2007 में नोवाक जोकोविच के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।



जिरी की सर्विस रही शानदार : जोडर

मैच के बारे में जोडर ने कहा, डटे रहना, यही वह बात है जिस पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है। आज के हालात में खेलना बहुत मुश्किल था। जिरी ने शुरू से आखिर तक बहुत अच्छा खेला और उनकी सर्विस भी शानदार रही। आज यह मैच जीतने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना पड़ा। जोडर भी एटीपी फाइनल्स के दावेदार बन गए हैं। वह अभी 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें नंबर पर हैं।

ला लीगा: रेसिंग सैंटेंडर ने 2-2 पर रोका मुकाबला

पहले ही मिनट में गोल, फिर भी जीत से चूका वैलेंसिया

नई दिल्ली/संचार जगत

वैलेंसिया सीएफ ने ला लीगा के मैचडे 8 में रियल रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में वैलेंसिया के लिए दानी राबा और डेविड ओटोरबी ने गोल किए। वैलेंसिया ने मैच की शानदार शुरुआत की और मुकाबला शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही बढ़त हासिल कर ली। जेवियर एगुइरे की टीम के लिए दानी राबा ने हाल ही में प्रमोट हुई रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ शुरुआती गोल दागा।

हालांकि, मेजबान टीम ने 32वें मिनट में वापसी की। इनिगो विसेंट ने शानदार मूव बनाते हुए यासिर जबिरी को गोल करने का मौका दिया, जिसे उन्होंने भुनाकर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, वैलेंसिया के युवा सब्स्टीट्यूट डेविड ओटोरबी ने 65वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया।



घरेलू मैदान में जीता रियल बेटिस

एक अन्य मैच में इस्को ने दो गोल किए और रियल बेटिस ने अपने घरेलू मैदान पर ओसासुना को 5-2 से हराया, जिससे वे ला लीगा में तीसरे स्थान पर पहुंच गए और टॉप पर चल रही बार्सिलोना से पांच अंक पीछे हैं। ओसासुना के डिफेंडर उनाई सैंटोस के फाउल करने के बाद इस्को ने दसवें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल करके खाता खोला और 31वें मिनट में कुचो हर्नांडेज की मदद से एज अब्दे ने बेटिस की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ टाइम के तीन मिनट बाद बेटिस 3-0 से आगे हो गई जब एंटे बुदिमिर का क्लीयरेंस का प्रयास डिएगो लोरेंटे से टकराकर नेट में चला गया, लेकिन बुदिमिर और बेटिस के पूर्व फॉरवर्ड राउल गासिया के तेज गोल ने ओसासुना को मुकाबले में वापस ला दिया।

रियल सोसिदाद ने कोरुना की वापसी को किया नाकाम

रियल सोसिदाद ने दूसरे हाफ में डेपोर्टिवो ला कोरुना की जबरदस्त वापसी की कोशिश को नाकाम करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि मैच के आखिर में उनके पास दस खिलाड़ी ही बचे थे। टीम को शुरुआती बढ़त जॉन मार्टिन ने दिलाई, जिन्होंने कार्लोस सोलर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। इसके बाद आर्सेन जखार्यान ने 34वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। सोसिदाद ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली जब गोंकालो गुएडेस ने हाफवे लाइन से शानदार दौड़ लगाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 3-0 कर दिया। हालांकि, डेपोर्टिवो ने हार नहीं मानी और वापसी की कोशिश जारी रखी।

कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के सामने नहीं टिकी द. अफ्रीका

डरबन। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला डरबन के मैदान पर जारी है। इस मैच के पहले दिन बैकफुट पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बाकी के दोनों दिनों में बढ़त बनाए रखी। साउथ अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहले तो पहली पारी में 390 रन का मजबूत टोटल बनाया। इसके बाद साउथ अफ्रीकी बैटर्स को उनके घर की पिच पर कमिंस, स्टार्क और जोश हेजलवुड ने टिकने नहीं दिया, जिससे साउथ अफ्रीकी टीम 284 रन ही बना सकी और वह ऑस्ट्रेलिया से पीछे रही। इसके बाद तीसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट गंवाए 33 रन बना लिए थे और 139 रन की बढ़त हासिल कर ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर बनाकर साउथ अफ्रीका को हार की तरफ धकेलना चाहेगी।

162 पर साउथ अफ्रीका के गिरे 6 विकेट

डरबन के मैदान पर दूसरे दिन के अंत तक साउथ अफ्रीका ने एक विकेट पर 27 रन बना लिए थे। उसके लिए ऐडन मार्करम 15 रन, तो डेविड बेडिंगहम 112 रन बनाकर नाबाद रहे थे। इन दोनों ने तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाया और साउथ अफ्रीकी टीम 363 रन से पीछे थी। मार्करम और डेविड ने सधी शुरुआत की, लेकिन ज्यादा देर तक वे कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के कहर को झेल नहीं सके। मार्करम को स्टार्क ने फिर अपने जाल में फंसाया और तीसरे दिन का पहला, जबकि साउथ अफ्रीका का दूसरा विकेट गिरा। मार्करम 67 गेंदों में सात चौकों की मदद से 37 रन बनाकर चलते बने। वहीं, डेविड ने मोर्चा संभाले रखा और 73 गेंदों में 49 रन बनाए।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।